DAY — 13 SEAT NUMBER | | | | | | |

2025	II	28	1100	J-346	(H)

TEXTILES (44)

Time : 3 Hrs. **(7 Pages)** **Max. Marks : 70**

सूचना : *(१) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(२) आवश्यकता पड़ने पर स्वच्छ एवं नामांकित आकृति बनाइए।

(३) दाहिनी ओर की संख्याएँ प्रश्नों के पूर्ण गुण दर्शाती हैं।

(४) प्रत्येक प्रश्न के उत्तर का प्रारंभ नए पृष्ठ पर कीजिए।

प्र. १. (अ) निम्नलिखित वाक्यों के लिए दिए गए विभिन्न विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए: **[१८]** (६)

(१) इस पर जलअवरोधक परिसज्जा की जाती है ------।

(अ) कार्पेट

(ब) रेनकोट

(क) कंबल

(२) इस प्राकृतिक (नैसर्गिक) रंग के लिए भारत विश्व में प्रसिद्ध था ---।

(अ) सल्फर रंग

(ब) मैडर *(Madder)*

(क) इंडिगो

(३) यह निर्जल धुलाई शोषक है ------।

(अ) स्टार्च

(ब) लवण/क्षार

(क) कीचड़

(४) वह रेखा जो ऊँचाई का आभास कराती है ------।

(अ) खड़ी रेखा

(ब) आड़ी रेखा

(क) तिरछी रेखा

(५) इस तंतु को 'हीरा' (डायमंड) तंतु भी कहते हैं ------।

(अ) अंगोरा

(ब) मोहेर

(क) विकुना

(६) यह नॉवेल्टी बुनाई है ------।

(अ) सादी बुनाई

(ब) हनीकॉम्ब

(क) साटिन

(ब) उचित जोड़ियाँ बनाइए : (६)

'अ' स्तंभ	'ब' स्तंभ
(अ) हॉगेट ऊन	(१) अच्छे दर्जे का ऊन
(ब) रेयॉन का दूसरा नाम	(२) पॉलिएस्टर
(क) सादी बुनाई	(३) कृत्रिम रेशम
(ड) डेक्रॉन	(४) दो हारनेस
(इ) जी.एफ. आर. सी. *(GFRC)*	(५) मृत भेड़
(फ) मेरीनो ऊन	(६) १२ से १४ महीने की भेड़
	(७) इमारत का निर्माण

(क) सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए : (६)

(१) रेशम के कीड़े का नाम लिखिए जो ककून (कोष) के अंदर रहता है।

(२) निम्नलिखित वाक्य 'सत्य' है या 'असत्य' लिखिए।

विकुना सबसे मंहगा ऊन है।

(३) रेखांकित शब्द से अर्थपूर्ण शब्द बनाइए :

ल्स नॉ इ छोटे ऊनी तंतु हैं।

(४) वाक्य पूर्ण कीजिए :

बाटिक रंगाई तकनीक में यह पदार्थ अवरोधक का कार्य करता है।-----

(५) मैं कौन हूँ ?

मैं कला का एक मुख्य घटक हूँ जो डिजाइन (नमूने) में ध्यान आकर्षित करता हूँ।

(६) प्रथम सहसंबंध को ध्यान में रखकर दूसरे सहसंबंध को पूर्ण कीजिए :

स्थायी परिसज्जा : मर्सराइज़ेशन : : अस्थायी परिसज्जा:-----

प्र. २. (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों को हल कीजिए : (१२) **[१६]**

(१) निम्नलिखित वाक्य 'सत्य' है या 'असत्य', सकारण स्पष्ट कीजिए।

ताने के धागे बाने की अपेक्षा अधिक मजबूत होते हैं।

(२) फैशन की परिभाषा लिखिए।

(३) स्पष्ट कीजिए : गीली कताई

(४) कारण लिखिए: रेशमी वस्त्रों की धुलाई ध्यानपूर्वक करनी चाहिए।

(५) अंतर स्पष्ट कीजिए: रंगाई *(Dyeing)* तथा छपाई *(Printing)*

(६) वेदर ऊन को स्पष्ट कीजिए।

(७) विकुना के विषय में संक्षेप में लिखिए।

(ब) संक्षेप में उत्तर लिखिए (कोई दो) : (४)

(१) जंगली रेशम

(२) काँच तंतु के उपयोग

(३) ऊन की जैविक विशेषताएँ

प्र. ३. **(अ)** निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (१२)**[१८]**

(१) ऊन की कोई तीन भौतिक विशेषताओं के विषय में लिखिए।

(२) संतुलन *(Balance)* की संज्ञा लिखकर संतुलन के प्रकार स्पष्ट कीजिए।

(३) दिए गए चित्र को पहचानकर स्पष्ट कीजिए :



(४) नायलॉन तंतु के उपयोग लिखिए।

(५) शुष्क धुलाई पंप *(dry cleaning pump)* को स्पष्ट कीजिए।

(ब) संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (कोई दो): (६)

(१) विस्कोस रेयॉन के उपयोग।

(२) रंगयोजना *(colour scheme)* की परिभाषा लिखकर किन्हीं दो प्रकार की रंग योजनाओं को स्पष्ट कीजिए।

(३) तालिका पूर्ण कीजिए तथा ब्रशिंग स्पष्ट कीजिए :

परिसज्जा के प्रकार



प्र. ४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[१८]**

(१) पॉलिएस्टर की निम्नलिखित विशेषताएँ लिखिए : **(६)**

(*i*) भौतिक विशेषताएँ (कोई चार) (४)

(*ii*) जैविक विशेषताएँ (२)

अथवा

(*i*) बुनाई की परिभाषा लिखिए। (१) **(६)**

(*ii*) हथकरघे के विविध भाग स्पष्ट कीजिए। (५)

(२) (*i*) सेरीकल्चर क्या है? (१) **(६)**

(*ii*) रेशम के कीड़े का जीवन चक्र स्पष्ट कीजिए। (५)

अथवा

(i) परिसज्जा के उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। (४) **(६)**

(*ii*) आधार परिसज्जा तथा उपयोगिता मूल्य बढ़ाने वाली परिसज्जा स्पष्ट कीजिए। (२)

(३) भारत में की जाने वाली निम्नलिखित पारंपरिक वस्त्र छपाई को स्पष्ट कीजिए : (६)

(i) कलमकारी

(*ii*) दाबू *(Daboo)*

(*iii*) बाग *(Bagh)*

अथवा

निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(६)**

वसा तथा अल्कली से तैयार होनेवाला संयुक्त पदार्थ साबुन है। साबुन के विविध प्रकार हैं जैसे उदासीन साबुन (*Neutral Soap*) में प्राकृतिक डिटर्जेंट होते हैं, वे कुछ पौधों के सूखे या रसभरे फल होते हैं, जिनका स्वच्छता कारक घटक के रूप में प्राचीन काल से उपयोग किया जा रहा है। इनका उपयोग रेशमी वस्त्र तथा ऊनी वस्त्र धोने के लिए होता है। उदा. रीठा। बाल धोने के लिए शैम्पू की जगह पर भी इसका उपयोग किया जाता है। बिल्ट साबुन में अधिक अल्कली तथा साबुन का मिश्रण होता है। इसका उपयोग सूती तथा लिनन के लिए हो सकता है क्योंकि अन्य तंतुओं में इतने अधिक प्रमाण में अल्कली सहन करने की क्षमता नहीं होती है। सामान्य

साबुन की अपेक्षा इनमें स्वच्छता शक्ति अधिक होती है।

ठोस साबुन कड़क होता है। यह पानी में कम घुलनशील होता है। इसमें आसानी से झाग नहीं आता है। धुलाई के लिए अधिक परिश्रम तथा समय लगता है उदा. सोडियम साबुन।

(१) साबुन क्या है? (१)

(२) साबुन के प्रकारों के नाम की सूची बनाइए। (२)

(३) शैम्पू के रूप में किस साबुन का उपयोग किया जाता है? (१)

(४) आप अपने कपड़ों को धोने के लिए ठोस या मृदु साबुन का उपयोग करेंगे? अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिए। (२)

◆◆◆